भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

सतना और दतिया: नई उड़ान, नए क्षितिज की ओर

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सतना और दतिया हवाई अड्डों का उद्घाटन, मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय संपर्कता को मिला नया आयाम

नई दिल्ली, 31 मई 2025: क्षेत्रीय हवाई संपर्कता और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज भोपाल मे आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सतना और दतिया में नवविकसित हवाई अड्डों का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई सी. पटेल; डॉ. मोहन यादव**,** मुख्यमंत्री; उपमुख्यमंत्री और लोकसभा सांसदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्री किन्जरापु राममोहन नायडू, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा दतिया हवाई अड्डे से और श्री मुरलीधर मोहोल, नागर विमानन और सहकारिता राज्य मंत्री सतना हवाई अड्डे द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया गया । इन हवाई अड्डों का उद्घाटन क्षेत्रीय विकास और देशभर के हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए भारत सरकार के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है।

लगभग ₹100 करोड़ की संयुक्त लागत से विकसित सतना और दतिया हवाई अड्डों में अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को सशक्त बनाएंगी।

मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित सतना ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और औद्योगिक महत्वपूर्ण का केन्द् है। चित्रकूट और मैहर मंदिर जैसे पवित्र स्थलों से निकटता से जुड़ा यह शहर, अब ₹37 करोड़ की अनुमानित लागत से निर्मित नए हवाई अड्डे के माध्यम से देश के अन्य भागों से बेहतरी से जुड़ेगा । सतना हवाई अड्डे का टर्मिनल प्रति घंटे 50 यात्रियों को सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है और इसकी वार्षिक सेवा क्षमता 2.5 लाख यात्रियों तक है। यह हवाई अड्डा डॉर्नियर-228 विमान के प्रचालन में सक्षम है तथा इसमें दो-बे एप्रन, आधुनिक चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग प्रणाली तथा 50 कारों के लिए पार्किंग की सुविधा है।

दतिया, अपनी भव्य वास्तुकला और पीतांबरा पीठ**,** दतिया पैलेस जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का हवाई अड्डा ₹61 करोड़ की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है, जो अब एटीआर-72 विमान के प्रचालन में सक्षम है, साथ ही भविष्य में ए320 विमान के प्रचालन का भी प्रावधान होगा । दतिया हवाई अड्डे का टर्मिनल प्रति घंटे 150 यात्रियों और वार्षिक 2.5 लाख यात्रियों की सेवा क्षमता रखता है। यह हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं जैसे कि चेक-इन काउंटर, प्रभावी बैगेज प्रणाली और पर्याप्त सिटी-साइड पार्किंग से युक्त है।

सतना और दतिया हवाई अड्डों का विकास पर्यावरणीय संधारणीयता और उत्तरदायित्व के साथ किया गया है। यहां 100% एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा-दक्ष उपकरण, वर्षा जल संचयन प्रणाली, तथा बागवानी के लिए शोधित अपशिष्ट जल के उपयोग जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

इन दोनों हवाई अड्डों के आरंभ होने के साथ ही मध्यप्रदेश में प्रचालनात्मक हवाई अड्डों की संख्या अब आठ हो गई है, जो राज्य में विकास और क्षेत्रीय समृद्धि के एक नए युग के आरंभ का संकेत है। यह विस्तार पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, रिटेल, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के विज़न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: निगमित संचार निदेशालय 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 05/2025-2026